दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र : 2019–2020

पूर्वपरीक्षा अभ्यास पत्र

कक्षा : नवमीं

विषय : हिंदी

खंड–क (अपठित बोध)

प्र1) निम्नलिखितगद्यांशको ध्यानपूर्वक पढ़करपूछे गए प्रश्नों के उत्तरलिखिए :–

'जेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर' वाली कहावत बड़ी सार्थक है। भविष्य को सुखमय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आय का एक अंश नियमित रूप से बचाया जाए जिससे आगे आने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति सरलता से हो सके। इस तरह सीमित खर्च करने वाला व्यक्ति मितव्ययी कहलाता है। अनावश्यक व्यय करके जो व्यक्ति धन का दुरुपयोग करता है वह फिजूल खर्च माना जाता है। वास्तव में मितव्ययिता ही बचत और संचय की कुंजी है।

मनुष्य के जीवन में जो आदतें बचपन में पढ़ जाती हैं वे किसी न किसी रूप में जीवन भर बनी रहती हैं। इसलिए बचपन में ही मितव्ययिता और बचत की आदतों का विकास आवश्यक है। कुछ बालक जेब खर्च के लिए मिले धन से भी बचत करते हैं। पैसा बचाकर अपनी–अपनी गुल्लक जल्दी–जल्दी भरने की उनमें होड़ लगी रहती है। कहा भी गया है कि एक–एक बूँद से सागर भरता है और एक–एक पैसा एकत्र करने से धन संचय होता है।

देश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास के लिए शासन को धन चाहिए। धन प्राप्त करने के साधनों में जनता पर लगाए गए कर, सरकारी उद्योगों का उत्पादन, निर्यात आदि मुख्य हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण साधन बैकों तथा डाकघरों में संचित वह धनराशि है, जिसे नगारिक राष्ट्रीय बचत योजनाओं के अंतर्गत जमा करते हैं। राष्ट्रीय विकास के कार्यक्रमों में शासन इस संचित धनराशि का उपयोग सरलता से करता है। शासन की ओर से नगरों और गाँवों में बैंकों और डाकघरों में शाखाएँ खोली गई हैं। इनमें बालक–बालिकाओं और बड़ी उम्र के लोगों को बचत का धन जमा करने की सुविधा दी जाती है। इस दिशा में डाकघरों की सेवाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

क) मितव्ययिता का कोई एक लाभ लिखिए।

ख) बच्चों में बचत की आदत के विकास के लिए क्या उपाय करने चाहिए?

ग) प्रशासन चलाने के लिए सरकार धन किस प्रकार जुटाती है?

घ) हम देश के विकास में किस प्रकार सहयोग देते हैं?

ङ) भविष्य को सुखमय बनाने के लिए लेखक ने क्या उपाय सुझाए हैं?

खण्ड–ख (व्याकरण)

प्र 2) क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए –

विज्ञापित, घृणास्पद, धूलि, अनुस्वार

ख) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण संयोजन कीजिए–

(i) अ + ज् + ञ् + आ + त् + अ

(ii) व् + ऐ + द् + य् + अ

प्र3) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

क) अक, जाच (अनुस्वार का प्रयोग कीजिए)

ख) आख, गाव (अनुनासिक का प्रयोग कीजिए)

ग) फन, खुदा (नुक्ते का प्रयोग)

घ) कत्य टाली ('र'का उचित प्रयोग कीजिए)

प्र4) क) निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग और मूल शब्द अलग–अलग कीजिए :–

सूपर्ण, निर्भय

ख) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द और प्रत्यय अलग–अलग कीजिए :–

सौभाग्यवती,आरोही

खण्ड–ग (पाठ्यपुस्तक)

प्र5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

क) बुढ़िया को कोई भी उधार क्यों नहीं देता? पाठ के आधार पर लिखिए।

ख) पंक और पकंज शब्द में क्या अन्तर है?

ग) रैदास ने अपने स्वामी को किन–किन नामों से पुकार है ?

प्र6) भगवाना की माँ के सामने कौन सी समस्या आ खडी हुई ?

अथवा

बुढिया को पत्थर दिल किसने कहा और क्यों ?

प्र7) कवि रहीम ने प्रेम के महतव का वर्णन किस प्रकार किया है

अथवा

रैदास ने प्रभु से क्या पाने के लिए भक्ति की है ?

प्र8) गिल्लू एक संवेदनशील प्राणी है।–कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

अथवा

गिल्लू की किन चेष्टाओं से आभास मिलने लगा था कि अब उस का अंत समय समीप है ?

प्र9) जब लेखिका लिखने बैठती तब गिल्लू क्या करता था ?

खण्ड–घ (लेखन)

प्र10) दिए गए संकेत बिदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :–

क) इंटरनेट का जीवन में उपयोग

संकेतबिंदु :– ◆ इंटरनेट क्या है? ◆ लाभ– समय की बचत, ◆ शिक्षा में सहायक ◆ उपयोग के सुझाव

ख) फ्लैटसिस्टम

संकेतबिंदु :– ◆ वर्तमान जीवन शैली ◆ सुविधाएँ–मकानोंकाअभाव

ग) सत्यमेवजयते

संकेंतबिंदु :– ◆ सत्य का महत्व कुछ ◆ ऐतिहासिक उदाहरण ◆ लाभ और हानि

प्र11) आपके पिताजी का तबादला दूसरे शहर में हो गया है।आप अपने मित्र को पत्र लिखकर नए शहर की सुंदरता का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

परीक्षा में असफल मित्र को सांत्वना देते हुए एक पत्र लिखिए ।